समाचार

# वार्ड क्र. 11 के लोगो को मिली सुंदर उद्यान की सौगात

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नवनिर्मित उद्यान का किया लोकार्पण)








कोरबा 15 जनवरी 2021 –वार्ड क्र. 11 एवं वार्ड से लगे हुए क्षेत्र के निवासियों को सुनालिया चौक रेलवे स्टेशन रोड पर एक सुंदर उद्यान की सौगात प्राप्त हुई है। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने बुधवार को उक्त नवनिर्मित उद्यान का लोकार्पण किया तथा उद्यान को जनसेवा में समर्पित किया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित निगम की एम.आई.सी.के सदस्य व पार्षद, एल्डरमेनगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में स्वीकृत तथा 26 लाख 06 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 11 कोरबा शहर में केनाल रोड पर गार्डन का निर्माण कराया गया है। 13 जनवरी को प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त नवनिर्मित उद्यान का लोकार्पण किया गया, उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर उद्यान को जनसेवा में समर्पित किया। लोकार्पण किए जाने के पश्चात राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने उद्यान का भ्रमण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए वार्ड के नागरिकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सुनालिया चौक से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली इस केनाल रोड के इस स्थान पर पहले कचरे का ढेर लगा करता था, रेलवे स्टेशन से जुड़ी होने के कारण इस सड़क पर अन्य जिलों व देश प्रदेश के लोग आवागमन करते हैं, इस सड़क पर आज एक सुंदर उद्यान बन चुका है, यहां पर विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लिए आवश्यक हेल्थ सुविधाएं, टहलने के लिए पाथवे, ओपनजिम, झूला सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। उन्होने आगे कहा कि शीघ्र ही कोरबा शहर सहित पूरे जिले की तस्वीर बदलने जा रही है, शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली, पर्यटन, खेलकूद सहित अन्य क्षेत्रों में एक सुनियोजित योजना के तहत व्यापक पैमाने पर कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि 04 जनवरी को कोरबा प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा कोरबा के लिए जिन बड़ी सौगातों की घोषणा की गई है, उनका त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, इन घोषणाओं पर अमल पूरा हो जाने पर कोरबा की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होने कहा कि कोरबा में खेल अकादमी की स्थापना, फोरलेन व टू–लेन सड़कों का जाल, 10 करोड़ रूपये से अशोक वाटिका का विकास, विभिन्न मार्गो पर तीन ब्रिजों का निर्माण, 07 करोड़ 11 लाख रूपये से पुराने कोरबा शहर में स्कूल का निर्माण, शहर की सड़कों का जीर्णोद्धार, सभी विद्यालयों का जीर्णोद्धार, संतरेगा सहित विभिन्न पर्यटनों का विकास, जिला चिकित्सालय में विभिन्न आधुनिक सुविधाओं का विस्तार सहित अन्य ऐसे कार्य किए जा रहे हैं, जिनसे शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली, पर्यटन, खेलकूद आदि सभी क्षेत्रों को कोरबा में एक नया आयाम मिलेगा।

<u>सभी सुविधाओं से युक्त होगा अपना शहर</u>– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, खेलकूद, पर्यटन, सड़क, पानी, बिजली आदि सभी क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं, उनके अनुरोध पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा अनेक बड़ी सौगाते कोरबा को दी गई है, निश्चित रूप से निकट भविष्य में हमारा कोरबा शहर सभी सुविधाओं से युक्त शहर होगा। उन्होने कहा कि आज जिस गार्डन का लोकार्पण किया गया है, वह पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा स्वीकृत किया गया था, निश्चित रूप से पिछला पांच वर्ष का कार्यकाल एक ऐतिहासिक कार्यकाल रहा है, बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए गए हैं, शेष बचे कार्यो को निगम द्वारा गति एवं दिशा दी जा रही है। सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में कोरबा को विकास का नया आयाम प्राप्त हो रहा है, ऐसा नेतृत्व पाकर हम गौरान्वित हैं। उन्होने कहा कि निगम द्वारा लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं तथा आमजनता को सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, इस पर फोकस किया जा रहा है।

<u>उद्यान के लिए आभार</u>– वार्ड पार्षद श्री दिनेश सोनी ने इस मौके पर कहा कि हमारी कल्पना में भी नहीं था कि इस स्थल पर उद्यान बनेगा किन्तु राजस्व मंत्री जी की प्रेरणा एवं पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल जी के द्वारा यह सौगात हमें प्राप्त हुई तथा वार्ड के निवासियों को उद्यान की सुविधा मिली, जिसके लिए मैं उनके प्रति हृदय से आभारी हूँ। उन्होने उद्यान के सामने इंटर लाकिंग पेवर ब्लाक लगाने एवं नाली का निर्माण कराए जाने का आग्रह राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल से किया, जिस पर उन्होने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, अमरजीत सिंह, पार्षद दिनेश सोनी, रवि चंदेल, संतोष लांझेकर, एल्डरमेन गीता गभेल, बच्चू मखवानी, एस.मूर्ति, आरिफ खान, बिलासपुर निगम की एल्डरमेन हाजरा खान, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सतेन्द्र वासन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, मनीष शर्मा, गीता महंत, रश्मि सिंह, ममता अग्रवाल, क्रांति सोनी, द्रोपदी तिवारी, भुनेश्वर राज, कृष्णकुमार शर्मा, रामानंद बसंल, गौरी शंकर गुप्ता, ऋषि बसंल, बजरंग

जायसवाल, आनंद श्रीवास, किशन अग्रवाल, शमशेर अली, भूमि यादव, शशि अग्रवाल, शशिलता पाण्डेय, बंटी शर्मा, लक्ष्मी देवांगन, फारिदा बानो, राजेश यादव, धनेश्वर साहू, फिरोज खान आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।